卐 श्री सदगुरू देवाय नम:卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 200 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦27 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## विधि विधान से खुले बदरीनाथ धाम के कपाट

बदीनाथ (उद ब्यूरो)। भगवान श्री बदरीनाथ धाम के कपाट गुरुवार को सुबह 7:10 बजे शुभ मुहूर्त पर वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए है। इस मौके पर पहली पूजा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई। कपाटोद्घाटन के साक्षी बनने के लिए करीब 20 हजार श्रद्धालु धाम मौजूद थे। सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। कुबेर जी, श्री उद्धव जी एवं गाडू घडा दक्षिण द्वार से मंदिर में परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी रावल समेत धर्माधिकारी, हकहकूधारी एवं श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन एवं हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधि विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले गए। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान बदरीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके लिए मंगलमय की कामना की। पहली पूजा प्रधानमंत्री मोदी के नाम से की गई। इसके साथ ही ग्रीष्मकाल के लिए बदरीनाथ के दर्शन शुरू हो गए है। कपाटोद्घाटन के अवसर पर बदरीनाथ मंदिर को 15 कुंतल फूलों से सजाया गया। हल्की बर्फबारी व बारिश के बीच सेना की टुकड़ी ने बैंड की मधुर धुन तथा स्थानीय महिलाओं के पारंपरिक संगीत व नृत्य के साथ भगवान बदरी नाथ की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देशों के अनुरूप कपाट खुलने के अवसर पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई, जिसे देख श्रद्धालु गदगद हो उठे। कपाट खुलने (शेष पृष्ठ सात पर)





## सड़क हादसे में दंपत्ति सहित तीन की मौत

### रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर

हरिद्वार (उद ब्यूरो )। रोडवेज बस और बाइक की जबरदस्त भिड़ंत में बाईक सवार पति पत्नी और उनकी दस साल की भतीजी की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर जाम लग गया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना हरिद्वार देहरादून राजमार्ग पर मोतीचूर के पास घटी है। पुलिस अनुसार सराय ज्वालापुर के रहने वाले 30 वर्षीय शाहवान पुत्र इस्तियाक अपनी पत्नी 27 वर्षीय आसमा तथा भतीजी 10 वर्षीय मिशवा बाईक पर ऋषिकेश से अपने घर ज्वालापुर हरिद्वार आ रहे थे। अचानक मोतीचूर के पास उनकी बाइक को उत्तराखंड परिवहन निगम की बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार तीनों बस के अगले पहिए की चपेट में आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्स ऋषिकेश भिजवाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को लेकर मृतक के चाचा अहसान की ओर से रायवाला थाने में तहरीर दी है।

## संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मूल रूप से थाना भगडिया जिला बहराइच निवासी 35 वर्षीय नरेंद्र मंडल पुत्र निरंजन मंडल निवासी गदरपुर में किसी खेत में काम करता था। बीती रात आठ बजे उसने संदिग्ध हालातों में घर में साड़ी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। पड़ोसी ने नरेन्द्र को फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी 15 दिन से मायके रह रही थी। मृतक की एक साल की बेटी है। मृतक चार भईयों में सबसे छोटा था। बताया गया है कि आत्म हत्या से पहले मृतक ने पत्नी को वीडियो कॉल भी की थी। पुलिस आत्म हत्या के कारणों की जांच में जुटी है।



## चंदन राम दास की अंतिम यात्रा में उमड़े लोग

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास को अंतिम विदाई देने के लिए बागेश्वर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी समेत तमाम नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बागेश्वर पहुंच गए हैं। बता दें कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास का बीते दिवस निधन हो गया। वह लम्बे समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन पर प्रदेश में तीन दिवसीय राजकीय शोक घोषित किया गया है। उनके निधन से प्रदेश भर में शोक की लहर है। सीधे, सरल और अपने मजाकियां अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले चंदन राम दास अपने कैबिनेट के सहयोगियों में काफी पसंद किए जाते थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का उनसे खास लगाव था। कई नए विधायकों और राजनेताओं के लिए वह राजनीति की एक प्रयोगशाला थे। वर्ष 2007 में पहला विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद उन्होंने 2012, 2017 और 2022 का चुनाव अपनी सियासी पकड़, कुशल चुनाव प्रबंधन और सीधे और सादगी भरे व्यक्तित्व के कारण जीता था। मंत्रिमंडल के अन्य साथी भी उनके लंबे राजनीतिक अनुभव से प्रभावित होकर उनसे मशविरा और मार्गदर्शन प्राप्त करते थे। दास के बाद उनका उत्तराधिकारी कौन होगा, इस पर लोगों की नजर टिक गई है। सबसे पहले नंबर दास की पत्नी पार्वती दास का हो सकता है। (शेष पृष्ठ सात पर)





## नाले में मिला राजमिस्त्री का शव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म निवासी राजमिस्त्री का नाले में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक शक्तिफार्म नंबर दो निवासी 45 वर्षीय गुसांई उर्फ मनोज साना पुत्र प्रफुल्लो यहां संजयनगर खेड़ा में बहन के घर आया था। बीती शाम से वह अचानक लापता हो गया। घर वाले उसकी तलाश कर रहे थे। सुबह वह नाले में पड़ा मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकार ने शराबियों से वसूला 2648 करोड़ टैक्स

### 2001-02 की तुलना में 2022-23 में बाईस गुना से अधिक सैल्स टैक्स/वैट वसूला

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के राज्य कर विभाग सैल्सटैक्स/वैट से वित्तीय वर्ष 2001-02 से 2022-23 (जनवरी 23 तक) 2648.1 करोड़ रू. का टैक्स राजस्व शराब की बिक्री पर वसूला है। वर्ष 2022-23 का कुल टैक्स राजस्व रू. 361.05 करोड़ वर्ष 2001-02 के रू. 15.90 करोड़ की तुलना में 22 गुणा से अधिक है। यह खुलासा राज्य कर मुख्यालय द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने आयुक्त कर कार्यालय से प्रदेश भर में शराब पर वसूले गये टैक्स राजस्व की धनराशियों की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में राज्य कर मुख्यालय देहरादून के लोक सूचना अधिकारी/उपायुक्त दीपक बृजवाल ने अपने पत्रांक 7312 से 2020-21 से 20022-23 (जनवरी 2023 तक) के शराब से प्राप्त कर राजस्व की धनराशियों की सूचना उपलब्ध करायी है। इससे पूर्व 2001-02 से 2020-21 तक की धनराशियों की सूचनां उपलब्ध करायी जा चुकी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड गठन के बाद वर्ष 2001-02 से 2022-23 (जनवरी 2023 तक) शराब पर विभाग ने 2648.1 करोड़ टैक्स वसूला है। चौकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2020-21 में कारोना काल में 2019-20 की तुलना में 39 करोड़ रूपये अधिक टैक्स वसूला गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2021-22 में 334.43 करोड़ रूपये टैक्स वसूला है तथा 2022-23 के जनवरी 2023 तक 10 माह में पिछले वर्ष 2021-22 में 12 (शेष पृष्ठ सात पर)

## जंगल सफारी पर गये पर्यटकों की जिप्सी पर झपटी बाघिन

रामनगर(उद संवाददाता)। सीतावनी रोड पर टेड़ा क्षेत्र में बाघिन पर्यटकों की जिप्सी पर झपट पड़ी। गनीमत रही कि बाघिन हमला करने का प्रयास करते हुए आगे बढ़ गई। मामले में वन विभाग ने जिप्सी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है और गाइड की संलिप्पता की भी जांच की जा रही है। रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत सीतावनी पर्यटन जोन में पर्यटक डे सफारी करते हैं। बुधवार को भी पर्यटक सीतावनी सफारी के लिए गए थे। इसी बीच एक जिप्सी चालक पर्यटकों को लेकर सीतावनी जोन से पहले ही लोनिवि की सड़क किनारे झाड़ी में बाघिन को देखकर रुक गया। पर्यटक बाघिन की वीडियो बनाने लगे। पर्यटकों को सामने से न हटता देख बाघिन झाड़ी से बाहर निकलकर (शेष पृष्ठ सात पर)



## मां बेटी पर धारदार हथियार से हमला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चौकी रम्पुरा क्षेत्र में एक युवक ने पड़ोसी की छत पर चढ़ कर घर में पथराव कर दिया। बाद में उसने घर के अंदर घुस कर मां बेटी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे दोनों लहूलुहान हो गई। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। रम्पुरा निवासी हरिबाबू पुत्र रामरतन ने पुलिस को बताया विगत शाम पड़ोसी सत्य प्रकाश पुत्र कोमिल राम छत पर चढ़ गया और उसके घर पर पथराव शुरू कर दिया। बताया कि वह निशाना बनाकर पत्थर बरसा रहा था। उसने जान छिपा कर जान बचाई। आरोप है कि बाद में सत्यप्रकाश हाथ मे पाटल लेकर छत से कूदकर घर के अन्दर में घुस आया, और पुत्री दीक्षा को जान से मारने के इरादे से उसके सिर पर पाटल से जानलेवा वार किया। पुत्री लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। इसी बीच पत्नी बीच-बचाव के लिए आई, तो पत्नी को भी गाली गलौज करते पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुत्री को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुत्री की नाजुक हालत को देखते हुए सुशीला तिवारी हल्द्वानी के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)



## जेल कैम्प रोड से प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

सितारगंज(उद संवाददाता)। प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर जेल कैम्प रोड से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान अवैध रूप से लगाई गई मीट की दुकानों को हटाया दिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि दोबारा अवैध कब्जा कर दुकान लगाने पर मुकदमा दर्ज कराया जयेगा। गुरुवार को प्रशासन में तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी और कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल एसएसआई विनोद फर्त्याल अतिक्रमण हटाने पहुंचे। उन्होंने अवैध रूप से ठेली, फाड़ और मीट की दुकानों को हटा दिया। कोतवाल ने बताया कि यहां काफी दिनों से अतिक्रमण था। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत होती थी। यहां जाम भी लगता रहता था। इस कारण कार्रवाई की गई है। उन्होंने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी कि दोबारा अवैध कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इस मौके पर एसआई इंद्र सिंह ढेला, गोल्डी घुगतियाल, सोनिका जोशी,हेड कांस्टेबल नरेन्द्र यादव,चन्द्र प्रकाश,जगदीश लोहनी, किरन कुमार मेहता आदि उपस्थित रहे।



# लोकप्रियता और सौम्य व्यवहार से अमिट छाप छोड़ गये चंदन राम दास



## धामी सरकार के कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर,बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र से लगातार चार बार विधायक बने थे

देहरादून/ बागेश्वर(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड सरकार के परिवहन एवं समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित बागेश्वर विधानसभा से लगातार चार बार विधायक चुने गये थे। वह एक बार कांग्रेस व तीन बार भाजपा से विधायक चुने गये और 2022 के विस चुनाव में दोबारा भाजपा की सरकार बनने पर इस बार कैबिनेट में जगह मिली थी। वह कद्दावर जनप्रतिनिधि के साथ ही संगठन में बेहतर तालमेल के लिए जाने जाते हैं। जनता में भी उनकी लोकप्रियता है। उनका लंबा राजनीतिक अनुभव व पार्टी और संगठन के प्रति निष्ठा की वजह से पर्यवेक्षकों को भी उनके नाम पर मुहर लगाने में कोई दिक्कत नहीं हुई। अपने राजनीतिक कैरियर में सफलता की बुलंदियों तक पहुंचने वाले दलित नेता चंदन राम दास लोकप्रियता और सौम्य व्यवहार से अमिट छाप छोड़ गये है। कुमांऊ मंडल में भाजपा के प्रमुख नेताओं में शामिल चंदिन राम दास संगठन और सरकार में अपनी सकियता से जहां विकास योजनाओं को नये आयाम तक पहुंचाया है वहीं उन्होंने स्थानीय क्षेत्रों मे विकास कार्यों के लिये प्रमुखता से अपनी भागीदारी निभाते रहे। बागेश्वर में प्रचीन बागनाथ मंदिर परिसर और सरयू नदी के घाटों के सौदर्यीकरण विशाल शिव शंकर की प्रतिमा स्थापित कर धार्मिक स्थल का विकास कराया। धामी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद बागेश्वर में हिल डिपो की स्थापना में उनका अहम योगदान रहा। गौरतलब है कि सीमांत जनपद बागेश्वर से अपने राजनीतिक करियर की



शुरूआत 1980 में हुई। वह 1997 में नगर पालिका बागेश्वर के निर्दलीय अध्यक्ष बने। इससे पूर्व एमबी डिग्री कालेज हल्द्वानी में बीए प्रथम वर्ष में निर्विरोध संयुक्त सचिव बने। 1980 से राजनीति जीवन की शुरूआत की। 2006 में पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी की प्रेरणा पर भाजपा में शामिल हुए। 2007, 2012, 2017 और 2022 में वह लगातार चौथी बार विधायक चुने गए। चंदन राम दास जहां मृदभाषी हैं, वहीं विधानसभा में उनकी अच्छी पहचान रही है। लेकिन तीन बार विधायक चुने जाने के बाद भी वह मंत्री नहीं बन सके थे। क्षेत्र के लोग भी इस बार आशान्वित थे कि यदि इस बार दास जीते तो मंत्री पद के भी दावेदार हो सकते हैं। राजनीतिक परिपेक्ष्य में दास के समक्ष यह एक चुनौती थी। लेकिन संगठन और लोकप्रियता के कारण उन्हें टिकट मिलने में आसानी हुई। वह चुनाव जीतकर कैबिनेट मंत्री की कुर्सी हासिल करने में सफल भी हो गये। उत्तराखंड में कुमाऊं मंडल से पिछले चार साल में चार ऐसे नेताओं का निधन हुआ है जो निधन के समय विधानसभा के सदस्य थे। बुधवार को परिवहन मंत्री और बागेश्वर विधायक चंदन राम दास इस दुनिया में नहीं रहे। इससे पहले तत्कालीन वित्त मंत्री प्रकाश पंत, तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश और विधायक सुरेंद्र सिंह जीना का निधन हो गया था। मंत्री दास की तरह ही डॉ. इंदिरा हृदयेश का निधन भी अचानक हुआ था। उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास गंभीर बीमारी से लड़ते हुए जिंदगी जंग हार गए। उत्तराखंड की अब तक रही सरकारों में वह तीसरे कैबिनेट मंत्री हैं जिनके निधन की वजह कोई न कोई बीमारी बनी है। उनसे पहले कुमाऊं के ही दिग्गज राजनेता प्रकाश पंत और हरिद्वार जिले के नेता सुरेंद्र राकेश की मृत्यु कैंसर की से हुई थी। सुरेंद्र राकेश कांग्रेस सरकार में मंत्री थे, जबकि प्रकाश पंत भाजपा सरकार में मंत्री थे। त्रिवेंद्र सरकार में पहले नंबर के मंत्री प्रकाश पंत भी कैंसर की चपेट में आ गए। उन्होंने कैंसर को मात देने की भरसक कोशिश की, लेकिन जिंदगी जंग हार गए। उनसे पहले कैबिनेट मंत्री रहे सुरेंद्र राकेश की कैंसर से निधन हुआ था।

## हार्ट अटैक से हुआ निधन गमगीन हुए शुभचिंतक

बागेश्वर। उत्तराखंड के परिवहन एवं समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास का आकस्मिक निधन हो गया है। उन्होंने जिला चिकित्सालय बागेश्वर में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। सीएमओ के अनुसार उन्हें हार्ट अटैक हुआ और उनका ब्लड प्रेसर कंट्रोल नहीं हो सका। कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास का बुधवार को दोपहर एक बजे कार्डियक अटैक के कारण आकस्मिक निधन हो गया है। वह 65 वर्ष के थे। सौम्य व मधुर व्यवहार के धनी श्री चंदन राम दास मंगलवार को देर सांय अपने गृह जनपद पहुंचे थे। आज उन्हें जिला योजना की बैठक सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होना था। बुधवार सुबह से उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। जिन्हें लगभग पौने 12 बजे के आसपास जिला चिकित्सालय में आईसीयू में भर्ती कराया गया था। लेकिन उनका स्वास्थ्य लगातार गिरने लगा। ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं होने के कारण कार्डियक अटैक पड़ने से उन्होंने अंतिम सांस ली। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. डीपी जोशी ने मंत्री चंदन राम दास के निधन की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें कार्डियक अटैक पड़ने से उनका निधन हुआ है। उनके निधन की खबर मिलते ही जनपद में शोक की लहर व्याप्तहो गई जबकि सोशल मीडिया पर भी विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने शोक व्यक्त किया। शोक संदेश देने वाले शुभचिंतकों ने भी कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के आकस्मिक निधन पर भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की है।

## तो अब पार्वती देवी संभालेंगी दिवंगत चंदन राम दास की राजनीतिक विरासत!

### धामी मंत्रिमंडल में अब चार सीटें रिक्त,छः माह में होगा उपचुनाव

देहरादून। उत्तराखंड की भजपा सरकार में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट में पहले से



ही तीन पद खाली चल रहे थे, अब इनकी संख्या चार हो गई है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने कार्यकाल की दूसरी पारी में जो मंत्रिमंडल बनाया, उसमें शुरुआत से ही मंत्री के तीन पद खाली हैं। मंत्रियों के खाली पदों को भरने के लिए मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं सत्ता के गलियारों में अकसर गरमाती रहती हैं। लेकिन चंदन राम दास के जाने के बाद अब कैबिनेट की एक और सीट रिक्त हो गई है। धामी मंत्रिमंडल को चंदन राम दास की कमी हमेशा खलती रहेगी। सीधे, सरल और अपने मजाकियां अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले चंदन राम दास अपने कैबिनेट के सहयोगियों में काफी पसंद किए जाते थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का उनसे खास लगाव था। जानकारों का मानना है अपनी सियासी पकड़, कुशल चुनाव प्रबंधन और सीधे और सादगी भरे व्यक्तित्व के कारण जीता था। नियमानुसार बागेश्वर विधानसभा सीट पर छह महीने के भीतर उप चुनाव होंगे। दास के बाद उनका उत्तराधिकारी कौन होगा, इस पर लोगों की नजर टिक गई है। सबसे पहले नंबर दास की पत्नी पार्वती देवी का हो सकता है। भाजपा दिवंगत नेताओं की पत्नियों को महत्व देती रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण भाजपा के कद्दावर नेता प्रकाश पंत का है। उनके निधन पर उनकी पत्नी चंद्रा पंत को भाजपा ने टिकट दिया था। माना जा रहा है कि दिवंगत चंदन राम दास की पत्नी पार्वती देवी उनकी उत्तराधिकारी हो सकती हैं। बहरहाल दास का उत्तराधिकारी दास के ही परिवार से आने की संभावना जताई जा रही है। चंदन राम दास के पुत्र गौरव दास भी पिता की विरासत संभाल सकते हैं।

## परिवहन मंत्री ने यात्रा को सुगम बनाने के लिए तैयारियां पूरी कराई थी तैयारियां

देहरादून। चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है। कई माह से इसकी तैयारियों में खुद मोर्चा संभाले रहे परिवहन मंत्री चंदन रामदास निरीक्षण की मंशा लिए ही दुनिया से विदा हो गए। मंत्री ने हाल ही में चारधाम यात्रा के तहत बनी चेकपोस्ट का शुभारंभ किया था। मंत्री चंदन रामदास ने इस साल चारधाम यात्रा में जहां परिवहन निगम को अतिरिक्त बसें लगाने को कहा था तो वहीं निजी बस संचालकों को भी यात्रा में बढ़चढ़कर शामिल होने को प्रेरित किया था। उन्होंने परिवहन निगम के ड्राइवर कंडक्टर के लिए यात्रा मार्गों पर आराम करने के लिए इंतजाम करने को कहा था, जिसके तहत कुछ जगह इंतजाम हो भी गए थे।वहीं, टैक्सी-मैक्सी व अन्य परिवहन व्यावसायियों के लिए ग्रीन कार्ड बनवाने में आ रही जीपीएस डिवाइस की अड़चन को फिलहाल दूर कर दिया था। मंत्री ने चारधाम यात्रा मार्गों पर बनने वाली चेकपोस्ट को इस बार अत्याध



ुनिक बनवा दिया था ताकि वाहनों की ज्यादा लंबी कतार न लगे। इंटरनेट की मदद से तत्काल वाहन की पूरी जानकारी चेक की जा सके। पिछले सप्ताह अमर उजाला से बातचीत में उन्होंने कहा था कि चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद वह खुद यात्रा मार्गों पर जाकर परिवहन विभाग की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। मंत्री ने ये भी कहा था कि इस बार चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए हर जतन किया गया है। उन्होंने यात्रा तैयारियों को लेकर ऋषिकेश और देहरादून में कई दौर की बैठक की थीं। आखिरी बैठक परिवहन मुख्यालय में हुई थी, जिसमें सभी परिवहन व्यावसायी भी शामिल हुए थे। मंत्री ने सभी की बात सुनकर सहजता से जवाब दिया था। चारधाम यात्रा की तैयारियां करके मंत्री बुधवार को इस दुनिया से विदा हो गए।

## चंदन राम जी का आकस्मिक निधन कष्टदायी : कोश्यारी

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कैबिनेट मंत्री चंदन राम दासके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा बागनाथ की धरती बागेश्वर का विगत दो दशक से



लगातार विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व करने वाले सरल सौम्य एवं लोकप्रिय श्री चंदन राम दास जी के आकस्मिक निधन का समाचार बेहद कष्टदायी है । दास जी मेरे अनन्य सहयोगी में एक थे और कल ही अल्मोड़ा में उनसे भेंट हुई थी लेकिन विधि के विधान के आगे सब शून्य है । मैं दास जी की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ प्रभु कष्ट की इस घड़ी में उनके परिवार का साथ दें ऐसी कामना है ।



स्मृति शेष...

## चंदन राम हमेशा हमें बहुत याद आएंगें : हरदा

देहरादून। पूर्व सीएम एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास का भावभीनी श्रृद्धांजलि देते हुए शोक संदेश में कहा कि श्री चंदन राम दास जी का आकस्मिक निधन राज्य



के लिए एक अपूर्णीय क्षति है, वो बीमार थे मगर इधर उनके स्वास्थ्य में काफी सुधार आ गया था, एक बहुत बेहतरीन व्यक्ति थे, एक बहुत अच्छे सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता और अच्छे प्रशासक भी थे, उनका यूं ही चला जाना राज्य के लिए एक बड़ी क्षति है और मेरे साथ उनका वर्षों का संबंध रहा है, राजनीतिक कार्यकर्ता के तौर पर हमने एक ही पार्टी में भी काम किया, चंदन राम हमेशा हमें बहुत याद आएंगे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# हमलावर बाघ को वन विभाग की टीम ने किया ट्रैंकुलाइज

कोटद्वार। रिखणीखाल के डल्ला गांव (लड्वासैंण) में वृद्ध को मौत के घाट उतारने वाले हमलावर बाघों में से एक को वन विभाग की टीम ने बुधवार शाम सात बजे ट्रैंकुलाइज करने में सफलता प्राप्त कर ली है। ट्रैंकुलाइज करने के बाद वन विभाग की टीम बाघ को पिंजरे में डालकर अपने साथ मैदावन रेंज कार्यालय ले गई है। रातोंरात बाघ को कार्बेट ले जाया जा रहा है। ग्राम पंचायत जुई के प्रधान राजपाल सिंह ने बताया कि बुधवार दिन में गाडियूंपुल में बाघ दिखने पर वन कर्मियों की एक टीम वहां के लिए रवाना हुई थी। इसके बाद शाम 5:00 बजे के करीब एक बाघ जुई पापड़ी गांव में नजर आया। शाम 7:00 बजे के करीब जुई गांव में उनके घर से करीब 100 मीटर दूर झाड़ियों में एक बाघ दिखाई दिया। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग



की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की ट्रैंकुलाइज टीम मौके पर पहुंची और गन की रेंज में आते ही बाघ पर निशाना साधा। सटीक निशाने के कारण इंजेक्शन लगते ही इसका असर बाघ पर दिखने लगा। कुछ देर बाद बाघ वहीं पर बेहोश हो गया। देखते ही देखते ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सुरक्षा की दृष्टि से वन कर्मी बाघ को पिंजरे में डालकर अपने साथ मैदावन रेंज कार्यालय ले गए। बताया कि बुध वार को नैनीताल चिड़ियाघर के पशु चिकित्सक डॉ. हिमांशु पांगती और डॉ. आरएस उनियाल के नेतृत्व में टीम को ट्रैंकुलाइज करने में सफलता मिल गई है। बाघ पकड़ने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। ट्रैंकुलाइज व पैट्रोलिंग टीमें गांव में डटी हुई है। गाड़ियूंपुल में दिखे दो बाघों को भी पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि अभी दो बाघ और सक्रिय हैं। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि जुई में दिखे बाघ को ट्रैंकुलाइज कर लिया गया है। बाघ को रातोंरात कार्बेट नेशनल पार्क ले जाया जा रहा है।

# उत्तराखंड में पीसीएस की परीक्षा का पैटर्न नहीं बदलेगा

देहरादून। शासन ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के यूपीएससी पैटर्न लागू करने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आगामी पीसीएस परीक्षा पुराने पैटर्न से ही होगी। बुध वार को शासन ने इस संबंध में आयोग को पत्र भेजकर स्थिति स्पष्ट कर दी। दरअसल, राज्य लोक सेवा आयोग ने पिछले दिनों एक प्रस्ताव पास किया था कि चूंकि युवाओं को सिविल सेवा परीक्षा के लिए अलग और उत्तराखंड पीसीएस के लिए अलग तैयारी करनी पड़ती है। कई राज्यों में राज्य व केंद्रीय सेवा की परीक्षाओं के पैटर्न एक समान हैं। लिहाजा, आयोग ने भी यह प्रस्ताव शासन को भेजा था कि राज्य के युवाओं के हित में पीसीएस परीक्षा में यूपीएससी का सिविल सेवा परीक्षा पैटर्न लागू कर दिया जाए। इस प्रस्ताव को लेकर प्रदेशभर से मिलीजुली प्रतिक्रियाएं आईं थीं। कई लोगों का ये कहना था कि अगर राज्य में भी केंद्र का यूपीएससी पैटर्न लागू कर देंगे तो राज्य के युवाओं के लिए पीसीएस की राह मुश्किल हो जाएगी। यह भी मांग उठी थी कि अगर यूपीएससी पैटर्न लागू करें तो इसमें उत्तराखंड से जुड़े प्रश्न पत्र अलग रखे जाएं। पीसीएस परीक्षा पैटर्न को लेकर आयोग और शासन के अधि कारियों के बीच कई दौर की बैठक भी हुई। अब शासन ने तय किया है कि फिलहाल पुराना पैटर्न ही लागू रहेगा। आगामी पीसीएस परीक्षा उसी पैटर्न पर होगी। इसमें किसी तरह का बदलाव स्वीकार नहीं किया गया है। अपर सचिव ललित मोहन रयाल ने इस संबंध में सचिव उत्तराखंड लोक सेवा आयोग को शासनादेश भेज दिया है।

# वन महकमे में अंधेरगर्दी पर सरकार की मौन सहमति : हरीश रावत

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के वन महकमे के प्रमुख अधिकारियों के बीच कुर्सी को लेकर चल रही खींचतान के बीच हजारों पेड़ों के अवैध कटान को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा है कि अविश्वसनीय तरीके से जिम कॉर्बेटनेशनल पार्क के कोर एरिया में बिना अनुमति के हजारों वृक्ष काट दिए गए और लकड़ी बाहर निकाल दी गई! बिना स्वीकृति के, बिना केंद्र सरकार से अनुमति लिए, लाखों-करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिए गए और काम करने वाले कौन, जिन पर जंगली जानवरों की खाल और हड्डियों की तस्करी करने का संदेह है, मुझे अब भी विश्वास नहीं आ रहा है। दो अलग-अलग संस्थाओं की रिपोर्ट किसी शुभचिंतक ने मुझे भेजी हैं। क्या इतना बड़ा दुस्साहसपूर्ण कार्य



एक-दो अधिकारी कर सकते हैं! बिना सरकार व मुख्यमंत्री के संज्ञान के उनकी मौन सहमति के बिना इतनी अंधेरगर्दी नहीं हो सकती है! एक तरफ यह अंधेरगर्दी और दूसरी तरफ लालढांग-चिल्लरखाल- कोटद्वार वन मोटर मार्ग जिसके निर्माण के लिए 7 करोड़ रुपये से ज्यादा 2016 में उस समय की सरकार ने वन विभाग को सौंपे थे और जहां 2016-17 में जहां पर सड़क थी, आज भी उसी स्थिति में है, कारण वन विभाग का अड़ंगा। कोटद्वार और गढ़वाल के एक बड़े हिस्से के लिए जो लाइफलाइन मार्ग है, वह मार्ग नहीं बना। मगर कॉर्बेट के कोर एरिया के अंदर हजारों वृक्ष काट दिए गए, अविश्वसनीय अनर्थ! क्या भाजपा, जिसकी सरकार की मौन सहमति से जो दुस्साहसपूर्ण कार्य हुआ है इसका जवाब देगी? सजा कोटद्वार भुगत रहा है, गढ़वाल भुगत रहा है, उत्तराखंड भुगत रहा है, सजा वन विभाग भुगत रहा है, एक अत्यधिक अनुशासित विभाग आज किस हालत में आ गया है? धन्य है सरकार चलाने वालो!

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, सात लोग घायल

रुड़की(उद ब्यूरो)। दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष में सात लोग घायल हो गए। सिविल अस्पताल में दोनों पक्षों की भारी भीड़ जमा हो गई। कोई विवाद ना हो इसे देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया। वही गंगनहर कोतवाली प्रभारी बीएल भारती ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। इतना ही नहीं जमकर पथराव और तलवारबाजी भी हुई। जिसमें दोनों पक्षों के करीब सात लोग घायल हो गए। इनमें से चार की गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से तलवार और अन्य



सामान बरामद किया है। उधर सिविल अस्पताल में दोनों पक्षों की भारी भीड़ जमा हो गई। सिविल अस्पताल में कोई विवाद ना हो इसे देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया। गंगनहर कोतवाली प्रभारी बीएल भारती ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# रती राम शर्मा के निधन पर शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तर प्रदेश लोकतन्त्र सेनानी संघ ने नगरपालिका परिषद रुद्रपुर के पूर्व सदस्य धर्मेंद्र शर्मा तथा वेद शर्मा के पिता रती राम शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। लोकतन्त्र सेनानी संघ के महासचिव एडवोकेट सुभाष छाबड़ा ने कहा कि स्वर्गीय शर्मा रुद्रपुर में संघ की आध ारशिला रखने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक थे 1960 के दशक में उन जैसे कार्यकर्ताओं के बल पर ही अविभाजित नैनीताल जिले में संघ का विस्तार हुआ निस्वार्थ भाव से संघ का का विस्तार करने वाले कार्यकर्ता का निधन संघ के लिए बहुत बड़ी क्षति है । उनके अंतिम संस्कार के वक्त कस्तूरीलाल तागरा, गुरदीप सिंह गाबा ,अनिल शर्मा , इंद्रमदान, विजय अरोड़ा, ओमैक्स सोसाइटी के सचिव अभिनव छाबड़ा, समेत शहर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जिला कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला कार्यालय के अधिकारियों एवं



कर्मचारियों ने कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निध न पर जिला कार्यालय में दो मिनट का मौन धारण कर पुण्यात्मा की शान्ति की कामना की एवं श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी ने कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास का निधन पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। जिलाधि कारी ने कहा कि स्वर्गीय दास जी सरल, सहज एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व थे।

# परिवहन मंत्री के निधन पर किया शोक व्यक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश के परिवहन मंत्री चन्दन रामदास के आकस्मिक निधन पर परिवहन निगम के कर्मचारिणों में थोक व्याप्त है। उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ कुमायूँ क्षेत्र की एक शोक सभा का आयोजन शाखा कार्यालय हल्द्वानी बस स्टेशन में किया गया। जिसमें चंदन राम दास के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शान्ति एवं इस दु:ख की घड़ी में उनके परिवार को शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना प्रदान करके दो मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा में बीएम सुयाल, शेखरा नंद पांडे, वीरेन्द्र सिंह ,बिष्ट, नवनीत कपिल, बाल कृष्ण शर्मा, रामप्रीत यादव, प्रेम जोशी, मीना जोशी, नवीन सिंह नेगी, तारा जोशी, महेश राणा, ललित पांडे आदि डिपो कर्मचारी मौजूद थे।

# नेशनल कंपटीशन में करिजमेटिव के बच्चों ने मारी बाजी

सितारगंज(उद संवाददाता)। गाजियाबाद में आयोजित कॉग्निटों के दूसरे नेशनल लेवल अबेकस चौंपियनशिप में सितारगंज के करिजमेटिव अबेकस के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों ने 8 मिनट में लगभग गणित के 200 प्रश्नों के उत्तर दिए। सुप्रिया कॉलोनी सितारगंज स्थित करिजमेटिव इंस्टिट्यूट में हुए सम्मान समारोह में विजय प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कॉग्निटो नेशनल अबेकस प्रतियोगिता में वारिया ग्रोवर और मन्नत ग्रोवर रन अप रही जबकि एसपी सिंह मेरिट पर रही। तीनों विजयी प्रतिभागियों को कॉग्निटो अबेकस के सीईओ गौरव मित्तल एवम कुमाऊं हेड मयंक गर्ग ने गाजियाबाद में ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अबेकस प्रशिक्षक निशू तिवारी एवम किरन राणा ने सभी विजई प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉग्निटों सेंटर इंचार्ज राधा रस्तोगी ने बताया कि अबेकस क्लास विशेष रूप से 5 वर्ष से 15 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए बनाई गई है।



अबेकस कोर्स से बच्चों का आत्मविश्वास और याददाश्त बढ़ती है। अबेकस कोर्स को करने के बाद बच्चों में गणित का डर हमेशा के लिए खत्म हो जाता है। बच्चों में कैलकुलेशन की क्षमता कैलकुलेटर से भी तेज हो जाती है। बताया कि करिजमेटिव सितारगंज का सबसे पुराना व विश्वसनीय अबेकस सेंटर है। अबेकस की कक्षाएं प्रत्येक रविवार को चलती हैं। अबेकस कोर्स को करने से बच्चो में पढ़ाई का तनाव कम होता हैं। निर्देशक आशीष पाण्डेय ने बताया कि जल्दी ही सिटी लेवल अबेकस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एडवोकेट अमित रस्तोगी, मुकेश श्रीवास्तव, मोंटी ग्रोवर, रिंकू ग्रोवर, संतोष सिंह, रिंकी ग्रोवर, हिना बोरा, रिद्धि तिवारी, वैशाली गुप्ता, विशाखा गुप्ता, निकिता जोशी, गीतिका कोहली, रजनीश तिवारी,चंपा आदि लोग उपस्थित रहे।

# सारथी फाउंडेशन ने बच्चों को बांटी कापी किताबें

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा उदयमान गरीब बच्चों को कॉपी व किताबों के वितरण का अभियान कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी संदर्भ में आज संस्था के सदस्यों द्वारा एचएन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य भगवान सिंह सामंत एवं पियूष पांडे जी से संपर्क कर उनसे विद्यालय के गरीब उदयमान बच्चों को स्टेशनरी, कॉपी व किताबों का वितरण करने की इच्छा जताई। इसकी अनुमति मिलने पर संस्था द्वारा विद्यालय के उदयमान गरीब बच्चों को स्टेशनरी,कॉपी एवं लाइब्रेरी के लिए किताबें दी गई। प्रधानाचार्य ने कहा कि सारथी फाउंडेशन समिति का शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय प्रयास है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे बच्चों में भी पढ़ाई के प्रति और रुचि बढ़ेगी। इस अवसर पर सारथी के संस्थापक संयोजक नवीन पंत ने समस्त विद्यालय परिवार एवं प्रधानाचार्य को धन्यवाद दिया और साथ ही साथ संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे सारथी थैला अभियान से विद्यालय के




प्रधानाचार्य को सारथी थैला देकर जोड़ा। अंत में अध्यापक देवेंद्र के सहयोग से सभी बच्चों को चाकलेट देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रिटायर्ड एडमिरल जनरल नेवल प्रदीप जोशी एवं राजेंद्र सिंह बिष्ट का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में दीपक मेहरा, नवीन पंत, ज्ञानेंद्र जोशी, उमेश सैनी, प्रदीप सबरवाल, मदन मोहन जोशी, योगेश पांडे, गिरिश लोहनी, जाकिर हुसैन, आनंद आर्य, दीक्षा पंत पांडे, पूजा पंत, शीला भट्ट, मंजू सनवाल, प्रेमा जोशी, हेमा जोशी, तनुजा टकवाल, सोना तिवारी, मीना साही, रंजना जोशी, रमा जोशी, भावना पांडे, शीला राणा, बबीता टकवाल, संतोष गौड़ जयप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# सूडान से दिल्ली पहुंचे उत्तराखंड के दस नागरिक

## सीएम धामी ने जताया पीएम मोदी का आभार



देहरादून(उद संवाददाता)। सूडान में संकट के बीच फंसे भारतीय नागरिकों को ऑपरेशन कावेरी के तहत भारत लाया जा रहा है। बुधवार रात भारत आई फ्लाइट में उत्तराखंड के 10 लोग भी वापस वतन पहुंचे। नई दिल्ली पहुंचने पर उनका उत्तराखंड के स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा और सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी अमर बिष्ट ने स्वागत किया। इसमें सुनील सिंह, विनोद नेगी, प्रवीन नेगी, अनिल कुमार, शीशपाल सिंह, अंकित बिष्ट, जुनेद त्यागी, जुनेद अली, इनायत त्यागी और सलमा त्यागी शमिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार, निरंतर केंद्र सरकार के संपर्क में हैं।सूडान में फंसे दून के नंद किशोर के जल्द भारत आने की संभावना है। वह अपने साथियों के साथ खार्तूम से बस के माध्यम से कोडदान बंदरगाह तक पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि वहां से एक जहाज जल्द भारतीयों को लेकर रवाना हो जाएगा। परिजनों का नंद किशोर से लगातार संपर्क हो रहा है।बता दें कि दून के नकरौंदा निवासी नंद किशोर यादव 20 मार्च को सूडान के खार्तूम में एक केमिकल फैक्टरी में काम करने गए थे। वह लगातार अपने परिजनों से बातचीत करते रहते थे। गृहयुद्ध के बीच अंतिम बार 21 अप्रैल को परिजनों के पास उनका फोन आया था। उन्होंने कहा था कि यहां खाने-पीने की दिक्कत हो रही है। खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। बातचीत के बीच ही उनका फोन कट गया। ऐसे में घरवालों को चिंता होने लगी। उनकी पत्नी ने दो दिन पहले जिलाधिकारी सोनिका से मुलाकात कर अपने पति को वापस लाने की गुहार लगाई थी। इस मामले में नंद किशोर समेत उत्तराखंड के नागरिकों की सूची पुलिस ने भारत सरकार के साथ साझा की थी। नंद किशोर के परिजनों ने बताया कि वह मंगलवार शाम को खार्तूम से निकलकर भारतीय दूतावास पहुंच गए थे। यहां उनका ऑपरेशन कावेरी की टीम से संपर्क भी हुआ। टीम ने उन्हें एक बस के माध्यम से कोडदाम बंदरगाह के लिए रवाना किया था। करीब 16 घंटे के सफर के बाद वह बंदरगाह पहुंच गए हैं।

## दिल्ली से बसों में उत्तराखंड लाने के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा देने के आदेश

देहरादून। सूडान में गृहयुद्ध के चलते वहां से दिल्ली लाये जाने वाले उत्तराखंड के नागरिकों को राज्य सरकार ने परिवहन निगम की सभी श्रेणी की बसों में उत्तराखंड लाने के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा देने के आदेश दिए हैं। दिल्ली आईएसबीटी से यह नागरिक उत्तराखंड परिवहन निगम की बस में अपने गृहजनपद तक यात्रा कर सकेंगे। सूडान में हालात बेहद खराब हैं। केंद्र सरकार ऑपरेशन कावेरी के माध्यम से वहां फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल रही है। उत्तराखंड के भी काफी नागरिक सूडान में फंसे हुए हैं। इस बीच सूडान से उत्तराखंड आने वाले नागरिकों के लिए उत्तराखंड सरकार ने उनके गन्तव्य तक पहुंचने के लिए परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था कर दी है। सूडान से भारत वापस लौट रहे उत्तराखंड राज्य के नागरिकों की सूचना प्रतिदिन दिल्ली में उत्तराखंड के स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा की ओर से परिवहन निगम को उपलब्ध कराई जाएगी। बुधवार को भी उत्तराखंड के 10 नागरिक सूडान से दिल्ली पहुंचे। इनके लिए भी परिवहन निगम की वाल्वो बस की व्यवस्था की जा रही है।भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से सभी को सुरक्षित वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## आग से झोपड़ी हुई खाक

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। क्षेत्र के ग्रामसभा अरविंद नगर रतन फार्म न. दो में एक व्यक्ति की झोपड़ी में आग लगने से झोपड़ी सहित राशन व घरेलू सामान जल गया। ग्राम अरविंद नगर निवासी नित्यानंद पुत्र नरेंद्र नाथ के गौशाला में बुध



वार शाम अचानक आग लग गई। जिससे गौशाला की झोपड़ी एवं उसके साथ सटे एक अन्य झोपड़ी भी आग के चपेट मे आ गया। जिससे वहां रखे राशन व घरेलू सामान भी जल गया। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारण का पता नहीं चला ।सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली।

## बाईक की टक्कर से बालक की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम पिपलिया नं0- 2 तहसील गदरपुर उधम सिंह नगर निवासी मैं थाने में तहरीर देकर 2 लोगों के विरुद्ध अपने पुत्र को बाइक की टक्कर से घायल करने एवं उपचार के






दौरान पुत्र की मौत के मामले में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है । तहरीर में बताया गया कि मृत्युंजय पुत्र नगेन्द्र बढ़ई निवासी ग्रा नं0- 2 तहसील गदरपुर से रूपयों का विवाद चल रहा है। जिस कारण कई बार मृत्युंजय बढ़ई द्वारा मेरे साथ गाली-गलौज व हाथापाई की गयी है। गत 25.04.2023 समय करीब 06 बजे उसकी पत्नी 5 वर्षीय पुत्र मोक्ष ढाली को साथ लेकर पिपलिया नं0-1 से पिपलिया नं0- 2 मार्ग से पैदल ही घर जा रही थी कि रास्ते में शेखर बढ़ई व उसके पिता मृत्युंजय बढ़ई मोटरसाईकिल से आ रहे थे। मोटरसाईकिल शेखर बढ़ई चला रहा था, रंजिशन उसने किनारे चल रहे मेरे 5 वर्षीय पुत्र मोक्ष ढाली को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह बेहोश होकर लगभग 10 फुट दूर गिर गया और शेखर बढ़ई व मृत्युंजय बढ़ड मौके से भाग गये। उसके बाद रात्रि में नजदीकी डॉक्टर से पुत्र का ईलाज करवाया परन्तु कोई सुधार ना होने के कारण 26 अप्रैल को सुबह जब वे अपने पुत्र को हॉस्पिटल लेकर गया। जहां उसका अल्ट्रासाउण्ड करने के उपरांत डॉक्टर ने बताया कि टक्कर लगने के कारण पेट की आंत फट गयी है और स्थिति गंभीर बताते हुए उसे हायर सेन्टर,हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया, हल्द्वानी ले जाते हुए रास्ते में मेरे पुत्र की मृत्यु हो गयी। उक्त शेखर बढ़ई व उसके पिता मृत्युंजय शेखर बढ़ई पुत्र नगेन्द्र बढ़ई निवासी ग्राम पिपलिया नं0- 2 तहसील गदरपुर के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है । वहीं थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने कहां की तहरीर के आधार पर मामले की जांच किए जाने के उपरांत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।

# नवाचार और छात्र हित में लें कड़े निर्णय

## विश्वविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रम, शिक्षण व्यवस्थाएं और वित्तीय प्रबंधन छात्रों के हित तैयार किया जाये : राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा है कि शिक्षा व्यवस्था विद्यार्थी केन्द्रित होनी चाहिए। छात्रों का सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापरक शिक्षा हमारा ध्येय वाक्य होना चाहिए। छात्रों की क्षमता विकास और उन्हें आधुनिक तकनीकों के उपयोग के लिए तैयार किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम, शिक्षण व्यवस्थाएं और वित्तीय प्रबंधन छात्रों के हित में हों। उक्त निर्देश राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में समस्त राज्य विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के पास वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने की अनेक संभावनाएं मौजूद हैं वे अपने वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने पर विशेष जोर दें। विश्वविद्यालय स्वयं के वित्तीय संसाधनों के स्रोत विकसित करें और उनका बेहतर उपयोग किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि ई-ऑफिस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मोबाइल एप्लीकेशन और वेबसाइट्स जैसी आधुनिक तकनीकों का अधिकाधिक



प्रयोग पर बल दिया जाय। राज्यपाल ने कहा कि छात्र हित में, विश्वविद्यालय का विकास कुलपति का दायित्व हैं। कुलपति अपनी प्रतिभा,क्षमता का उपयोग विश्वविद्यालय की गुणवत्ता परक शिक्षा और संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग में करें। विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए नवाचार और छात्र हित में कड़े निर्णय लेने में संकोच नहीं करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की आंतरिक समस्याओं का समाधान कुलपति स्तर पर ही किया जाए। राज्यपाल ने सभी कुलपतियों को निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर आधारित वार्षिक कलेण्डर बनाये जाएं जिसके आधार पर उनकी मॉनीटरिंग की जा सके। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने संबद्ध संस्थानों के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर बनाने के प्रयास करें। बैठक में सभी कुलपतियों द्वारा विश्वविद्यालयों के स्तर पर लम्बित संबद्धता प्रकरणों की स्थिति, विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती, नवीन सत्रों की ऑनलाइन संबद्धता प्रारंभ किए जाने, संबद्धता हेतु निरीक्षण समिति का गठन एवं निरीक्षण, शैक्षणिक स्तर को उच्च स्तर बनाए जाने, विश्वविद्यालयों द्वारा स्वयं के संसाधनों से आय बढ़ाने एवं कार्यपरिषदों की बैठक की स्थिति सहित कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर बारी-बारी से राज्यपाल को जानकारी दी गयी। बैठक में सचिव शैलेश बगोली, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव पंकज कुमार पाण्डेय, चन्द्रेश कुमार यादव, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, स्वाति एस. भदौरिया, कुलपति जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि प्रो. मनमोहन सिंह चौहान, कुलपति तकनीकी वि.वि प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति चिकित्सा शिक्षा वि.वि प्रो. हेम चन्द्र, कुलपति आयुर्वेदिक वि.वि प्रो. सुनील कुमार जोशी, कुलपति संस्कृत वि.वि प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री, कुलपति श्रीदेव सुमन वि.वि प्रो. एन.के.जोशी, कुलपति सोबन सिंह जीना वि.वि प्रो. जगत सिंह बिष्ट, कुलपति औद्योगिकी एवं वानिकी वि.वि डॉ. पी. कौशल सहित राजभवन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## चंदन राम दास के निधन पर राज्यपाल ने जताया शोक

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तराखण्ड सरकार में कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय चंदन राम दास एक लोकप्रिय एवं मृदुभाषी जनप्रतिनिधि के साथ-साथ एक कुशल प्रशासक थे। उनका निधन हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों की प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# जिला योजना समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री ने दिये निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास विभाग तथा जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने जिला योजना समिति की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ली।जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि नया वित्तीय वर्ष (2023-2024) चल रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष के 54 करोड़ के बजट के सापेक्ष इस वर्ष जिला योजना में लगभग 26 प्रतिशत वृद्धि के साथ 68.67 करोड़ का बजट है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा का जमाना है, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बजट को सर्वाधिक बढ़ाया जा रहा है। जिला योजना समिति के सम्मुख प्रस्तुत में विभिन्न विभागों के 80 करोड़ रूपये के सापेक्ष 73 करोड़ रूपये की योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा। जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला योजना के अन्तर्गत विभागवार प्रस्ताव तथा बजट का फाइनल अनुमोदन आगामी जिला योजना समिति की बैठक में किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला योजना समिति की आगामी बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की जाये। विधायक आदेश सिंह चौहान तथा जिला योजना समिति के कुछ सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि जिला योजना में उनके प्रस्ताव शामिल नहीं किए गए हैं। जिस पर प्रभारी मंत्री ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि समिति सदस्यों, विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को शामिल किया जाये और समिति के सदस्यों को बैठकों के बारे में दूरभाष पर भी जानकारी दी जाये। उन्होंने समिति के प्रत्येक सदस्य से प्राथमिकता के आधार पर 5-5 योजनाएं उपलब्ध कराने को कहा।





उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला योजनान्तर्गत हो रहे कार्यों का थर्ड पाटी इन्स्पेक्शन कराया जायेगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों में ओवर लेपिंग न हो और कार्यों को अधिक से अधिक कन्वर्जेन्स तथा कलस्टर आधारित किया जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने पेयजल निगम के अभियंताओं को निर्देशित करते हुए निर्देश दिये कि पुन: बोरिंग एवं मरम्मत कार्य के पश्चात जिला पंचायत एवं डीपीसी सदस्यों से उपयोगिता प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाये। योजना समिति के एक सदस्य द्वारा अवगत कराया गया कि जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में दिक्कतें आ रहीं हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिये कि जनपद में ब्लॉक स्तर पर एएनएम को नई व्यवस्था के बारे में जानकारी हेतु प्रशिक्षण दिया जाये। उन्होंने बताया कि जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु अखिल भारतीय स्तर पर एक नया सिस्टम बनाया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने जनपद की सामाजिक, आर्थिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जनपद की चुनौतियों एवं विकास की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस वर्ष की जिला योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जिला योजना 6867.77 लाख रूपये की है, जिसमें एससीएसपी मद में 951 लाख तथा टीएसपी में 753 लाख रूपये व सामान्य मद में 5163.77 लाख रूपये की व्यवस्था की गई है। बैठक में विधायक आदेश सिंह चौहान, गोपाल राणा, मेयर रामपाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि गौरव बहड़, जिला योजना समिति सदस्य अमित नारंग, अमिता विश्वास, अर्जुन कश्यप, ममता जल्होत्रा, सरिता देवी, मोहन खेड़ा, डीके जोशी, मोनू चौधरी, मनोज जग्गा, अनिल चौहान, मनमोहन सक्सेना, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी रमेश चन्द्र त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# दमखम के साथ निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस: शर्मा

## प्रदेश स्तरीय बैठक में निकाय चुनाव को लेकर बनी रणनीति

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नगर निकाय चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ेगी। इसके लिए प्रदेश भर के महानगर अध्यक्षों की बैठक में व्यापक रणनीति बनायी गयी है। निकाय चुनाव के लिए अब नई रणनीति के तहत काम किया जायेगा। देहरादून में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर पूर्व काबीना मंत्री एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष नव प्रभात की अध्यक्षता में आयोजित हुयी प्रदेश भर के महानगर अध्यक्षों की बैठक में भाग लेने के बाद सीपी शर्मा ने जारी वक्तव्य में कहा कि इस बेठक में महानगर अध्यक्षों को वार्ड स्तर पर विस्तृत कार्य योजना बनाकर कार्यों की रिपोर्ट जल्द प्रेषित करने और नगर निगम के चुनाव की तैयारियों की रूपरेखा बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। श्री शर्मा ने कहा कि बैठक में आगामी निकाय चुनाव के साथ ही प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने और अनुशासन बनाये रखने के लिए व्यापक रणनीति बनायी गयी। बैठक में अनुशासनहीनता को लेकर भी सख्ती बरतने का निर्णय लिया गया। अनुशासन समिति के अध्यक्ष नव प्रभात ने अनुशासहीनता करने वालों पर कार्यवाही की बात भी कही। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि इस बैठक के सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। नगर निगम चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ा जायेगा। निकाय चुनाव में जमीन से जुड़े और जिताऊ प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे जायेंगे। रूद्रपुर में महानगर इकाई का जल्द ही विस्तार करने के साथ ही वार्डों में भी संगठन को मजबूत बनाने के लिए टीम गठित की जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता प रेशान हो चुकी है। भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता तक ले जाने के लिए पूरी रणनीति के साथ काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। पार्टी कार्यकर्ता इन्हीं मुद्दों को आगामी चुनाव में हथियार बनायेंगे और निकाय चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ किया जायेगा।



# रणजीत को युकां महानगर अध्यक्ष बनाने से पार्टी को मिलेगी मजबूती: डा. राय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर सिंह भुल्लर द्वारा पार्टी के कर्मठ, जुझारू एवं निष्ठावान कार्यकर्ता रणजीत सिंह राणा को युवा कांग्रेस का रूद्रपुर महानगर अध्यक्ष मनोनीत करने का स्वागत करते हुए महानगर कांग्रेस सचिव डा. सुमित राय ने कहा कि इससे पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि राणा के मनोनयन से यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस में सभी कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा श्री राणा में पार्टी के लिए युवाओं को एक झंडे तले एकत्रित करने की पूरी क्षमता है। निकाय चुनाव में पार्टी को इसका पूरा लाभ मिलेगा। डा. राय ने कहा कि रणजीत महानगर कांग्रेस में महामंत्री के पद पर रहते हुए अपनी जिम्मेवारियों का बखूबी निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रणजीत राणा के रूप में बेहतर युवा महानगर अध्यक्ष मिला है। जिसके नेतृत्व में सभी युवा एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाएंगे। साथ ही आगामी निकाय व लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को ऐतिहासिक जीत दिलाएंगे। श्री राय ने रणजीत राणा के मनोनयन पर विधायक तिलकराज बेहड़ व युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। डा. सुमित ने कहा कि श्री राणा के मनोनयन से पार्टी में खुशी का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा युवा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं इनकी मजबूती से ही संगठन आगे बढ़ेगा।



# औचक निरीक्षण में पेट्रोल पंप पर मिली सही व्यवस्थाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला पूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने भारत पेट्रोलियम के रिटेल आउटलेट मै. प्रेम सिंह एंड संस का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी व्यवस्थाओं को ठीक पाया गया। यह जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में टीम द्वारा पेट्रोल पंप



मैं. प्रेम सिंह एंड संस का औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान शौचालय, पेयजल की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। मौके पर ही दो डीजल, दो पेट्रोल के नोजलों से पांच लीटर के मानक माप द्वारा प्रत्येक नोजल से पंद्रह पंद्रह लीटर डीजल व पेट्रोल निकाला गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बार माप सही पाई गई। पंप का बिक्री लाइसेंस 31 मार्च 2041तक वैध पाया गया। उन्होंने बताया मौके पर पंप में 13 अग्नि शमन यंत्र लगे पाए गए जो नवीनीकृत थे। डीएसओ विपिन कुमार ने बताया कि तीन डीजल तथा छह पेट्रोल कुल नौ सेंपल लिए गए। जिन्हें जांच के लिए प्याला लैब दिल्ली भेजा जा रहा है। इसके अतिरिक्त भौतिक सत्यापन में डीजल व पेट्रोल के मात्रा सही पाई गई। टीम में पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी, सहायक नियंत्रक/ केंद्र प्रभारी विधिक बांट माप शांति, सेल्स ऑफिसर बीपीसी हितेश फूलमाली शामिल थे।

# जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर के श्रीगुरुनानक देव स्नाकोत्तर महाविद्यालय नानकमत्ता साहिब के तत्वावधान में जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतर्गत स्वास्थ्य विषय पर गृहविज्ञान व इतिहास विभाग के संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किये, कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीता मेहता व बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. इंदु बाला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में रंगारंग व सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन कवीन्द्र सिंह बोरा ने किया। कार्यक्रम में संबोधन करते हुए क्रमश: डॉ. मनोज कुमार जोशी, प्राचार्य महोदया ने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी



देते हुए सरकारी की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी तथा आह्वाहन किया कि स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने को कहा। इधर गृहविज्ञान विभाग की ज्योति राणा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि उत्तम मानसिक स्वास्थ्य विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास में सहायक है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को मानसिक रूप से विचलित न होकर अपनी परेशानी संयम तरीके से हल निकालना चाहिए। इस मौके पर डॉ. आर के सिंह, डॉ. सरस्वती भट्ट, गोपाल सिंह, पंकज सिंह बोहरा, हरविंदर सिंह, तेज प्रकाश जोशी, मनोज कुमार, प्रिया कुमारी, कामिनी राणा, नीमा गोस्वामी, वर्षा सक्सेना, रश्मि सारथी, प्रिया थापा, आरती राणा, पूनम राणा, दुर्गानाथ गोस्वामी, देव राम समेत नीतू माझी, प्रेरणा राणा, किरन, पूर्णिमा, कमलजीत कौर, हिमानी बहुगुणा, सविता गौतम, आदि उपस्थित रहे।

# रोमांचक मुकाबले में हरिद्वार और अल्मोड़ा का मैच हुआ टाई

गदरपुर(उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वधान में जिला इकाई क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के द्वारा आयोजित अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हरिद्वार ए और अल्मोड़ा का मैच रोमांचक मुकाबले में टाइ हो गया।हरिद्वार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के खेल में सभी विकेट खोकर 285 रन बनाए ।जिसमें शोभित तोमर ने 75 ,मनु सैनी ने 32 और विवेक ने 32 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया।



अल्मोड़ा की तरफ से कमलेश जोशी ने 3 शुभम बिष्ट और हिमांशु रावत ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्मोड़ा की टीम ने 50 ओवरों में 285 रन पर ऑल आउट हो गई। अल्मोड़ा की तरफ से विजय ने 81 , सागर रावत ने 58, शोभित तोमर ने 75 रनों का योगदान दिया। अल्मोड़ा को अंतिम ओवर में जीतने के लिए 10 रनों की आवश्यकता थी जबकि 2 विकेट शेष बचे हुए थे परंतु अल्मोड़ा की टीम 9 रन बनाकर बराबरी करने के पश्चात ऑल आउट हो गई। मैच रोमांचक मुकाबले में टाई हो गया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया। इस मैच के अंपायर राजेंद्र कुमार और सत्येंद्र मिश्रा ऑनलाइन स्कोरिंग यशवीर द्वारा की गई। इस अवसर पर जय हिंद ऑटो कंपनी के एमडी तेज राम बघेल,गौरव तिवारी, आफताब,बलवंत सिंह और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित थे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## नक्सलियों के घातक हमले

दंतेवाड़ा के एक इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद डीआरजी बल यानी डिस्ट्रिक रिजर्व गार्ड की एक टुकड़ी को वहां भेजा गया थाछत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों के हमले में ग्यारह जवानों की शहादत से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि राज्य में इस मसले के हल के लिए चलने वाली तमाम कवायदों के बावजूद हिंसक समूहों की मौजूदगी कायम है। नक्सली आज भी घात लगा कर इतना बड़ा नुकसान पहुंचाने में कामयाब हो जा रहे हैं।हालांकि ऐसी हर घटना के बाद सरकार और संबंधित महकमों की ओर से यही भरोसा दिया जाता है कि इसके जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और नक्सलियों के खात्मे के लिए अभियान तेज किया जाएगा। मगर सवाल है कि हर कुछ समय बाद नक्सली समूह सुनियोजित हमले को अंजाम देकर बड़ा नुकसान कर देते हैं, उसमें जवानों की जान चली जाती है तो इसे किस तरह की सुरक्षा-व्यवस्था के तौर पर देखा जाएगा!गौरतलब है कि दंतेवाड़ा के एक इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद डीआरजी बल यानी डिस्ट्रिक रिजर्व गार्ड की एक टुकड़ी को वहां भेजा गया था। वापसी के क्रम में नक्सलियों ने अरनपुर मार्ग पर 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' यानी आईईडी विस्फोट कर दिया, जिसमें डीआरजी के दस जवान और एक वाहन चालक की जान चली गई। इस हमले से साफ है कि डीआरजी जवानों के अभियान की जानकारी नक्सलियों को पहले लग गई थी और इसीलिए उन्होंने योजना बना कर यह हमला किया। यह इस तरह की कोई पहली घटना नहीं है। ऐसे हमले के बाद सरकार और सुरक्षा बलों की सख्ती जब बढ़ती है तब ऐसे समूह कुछ वक्त तक शांत पड़ जाते हैं, लेकिन फिर मौका मिलते ही हिंसक हमले के जरिए अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश करते हैं। बुधवार को हुई घटना में जिस डीआरजी के जवानों की जान गई, वे छत्तीसगढ़ पुलिस के खास जवान हैं, जिन्हें केवल नक्सलियों से लड़ने के लिए भर्ती किया गया है।इस प्रशिक्षित समूह की विशेषता यह है कि इस समूह में आत्मसर्पण करने वाले और बस्तर के वातावरण में पले-बढ़े लोग शामिल होते हैं। ये लोग चूंकि जटिल जंगल और उसमें अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले नक्सलियों के काम करने की प्रकृति को समझते हैं, इसलिए उनके जरिए कई मौकों पर अहम कामयाबी दर्ज की गई है। शायद यही वजह है कि डीआरजी के जवान खासतौर पर नक्सलियों के निशाने पर थे। हालांकि इस तरह के हमलों में कई मौकों पर सीआरपीएफ के जवानों पर भी घातक हमले किए गए हैं।विचित्र यह है कि इस तरह की हिंसा के सहारे व्यापक राजनीतिक मुद्दों का हल खोजने का दावा करने के बावजूद नक्सली समूह अपने लक्षित तबकों के बीच भी किसी ठोस हल का रास्ता नहीं दर्शा पाए हैं। दूसरी ओर, इन नक्सलियों के घातक हमलों से निपटने के लिए सरकार की ओर से अब तक जितनी भी कोशिशें और नीतिगत पहलकदमी हुई, उनका असर सिर्फ तात्कालिक महत्त्व के रूप में ही दर्ज किया जा सका।आखिर यह कैसे संभव हुआ कि दंतेवाड़ा जैसी संवेदनशील जगह में सुरक्षा बलों की टीम किसी अभियान पर गई और उसकी पूरी खबर नक्सलियों को लग गई? जाहिर है, हिंसा को ही अपना राजनीतिक हथियार मानने वाले नक्सली समूहों के खिलाफ सुरक्षा के प्रत्यक्ष मोर्चों के साथ-साथ एक मजबूत और सुगठित खुफिया तंत्र वक्त की जरूरत है। लेकिन इस पहलू पर भी शायद ठोस और रणनीतिक तरीके से काम करने की जरूरत है कि बेहद मुश्किल भौगोलिक क्षेत्र के रूप में जंगल में अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले नक्सलियों के बरक्स प्रभावित इलाकों में अभावों और मुश्किल में जीवन गुजारते आम लोगों के भीतर सरकार और प्रशासन के प्रति भरोसा पैदा किया जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर वे नक्सलियों से निपटने में एक अहम सहयोगी की भूमिका निभा सकें।

# 25 कुंतल फूल मालाओं से सजा बदरीनाथ धाम



चमोली। विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम में बुधवार को योगबदरी मंदिर पांडुकेश्वर से कुबेर जी, उद्धव जी की उत्सव डोली, गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा, आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी और बदरीनाथ के रावल बदरीनाथ धाम पहुंचे। यहां यात्रा का हक-हकूकधारियों और बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के कर्मचारियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। बदरीनाथ धाम को 25 कुंतल फूलों से सजाया गया है। बदरीनाथ के साथ ही धाम में स्थित प्राचीन मठ-मंदिरों को भी गेंदे के फूलों से सजाया गया है। मंगलवार को जोशीमठ नृसिंह मंदिर से आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी के साथ बदरीनाथ के रावल रात्रि प्रवास के लिए पांडुकेश्वर स्थित योगबदरी मंदिर पहुंचे थे। बुधवार को ब्रह्ममुहूर्त में रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने योगबदरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद कुबेर जी और उद्धव जी की प्रतिमाओं को उत्सव डोली में विराजमान कर बदरीनाथ धाम के लिए रवाना किया गया। दोपहर करीब दो बजे सभी डोलियां और गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा बदरीनाथ धाम पहुंचीं। ज्योतिष्पीठाधीश्वर के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज भी यात्रा के साथ बदरीनाथ पहुंचे। बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, सीईओ योगेंद्र सिंह, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, आशुतोष डिमरी, बृजेश सती, प्रकाश रावत, तेजवीर कंडेरी के साथ ही बीकेटीसी कर्मचारियों व तीर्थयात्रियों ने रावल, शंकराचार्य गद्दी और गाडू घड़ा का फूल-मालाओं और जय बदरी विशाल के जयकारों के साथ स्वागत किया। वहीं श्री बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश के अध्यक्ष राकेश बर्त्वाल ने बताया कि मंदिर को गेंदे और ऑर्किट के फूलों से भव्य तरीके से सजाया गया है। चारधाम यात्रा का आगाज हो गया है। अब तक चारधाम के लिए करीब 19 लाख तीर्थयात्रियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कर दिया है। इस बार यात्रा वर्ष 2022 का रिकॉर्ड टूटने की उम्मीद है। बीते 22 अप्रैल को गंगोत्री, यमुनोत्री, 25 अप्रैल को केदारनाथ के कपाट खुल गए हैं। 20 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट खुलेंगे। अब तक चारधाम के लिए करीब 19 लाख तीर्थयात्रियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कर दिया है। वर्ष 2022 की बात करें तो करीब 46 लाख श्रद्धालुओं ने यात्रा की है।कोविड में थोड़ी राहत मिलने के बाद वर्ष 2022 में यात्रा ने रफ्तार पकड़ी। धामों में दर्शनों के लिए तीर्थ यात्रियों की संख्या की बाध्यता होने के बाद भी यमुनोत्री, गंगोत्री, बदरीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में 46 लाख 27 हजार 292 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। इस बार शासन प्रशासन की ओर से यह बाध्यता समाप्त कर दी गई है। जिसके चलते चारधाम जाने वाले तीर्थ यात्री अपने मोबाइल से ऑनलाइन पंजीकरण कर चारधाम के लिए रवाना हो रहे हैं। यात्रा प्रशासन अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चारधाम के लिए अभी तक 19 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने अपना पंजीकरण कर दिया है।





# अभिनंदन एवं संत आशीर्वाद समारोह धूमधाम से संपन्न

## महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरी महाराज सम्मान के असली पात्र: शंकराचार्य

हरिद्वार( उद संवाददाता)।जगतगुरु आश्रम के परमाध्यक्ष शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि जो लोग तपस्वी होते हैं। सही मायने में वही संत होते हैं और आज अभिनंदन के योग्य कुछ विरले संत ही होते हैं। वरना आजकल तो सिर्फ पद प्रतिष्ठा देखकर ही लोग कुछ लोगों का सम्मान करते हैं। शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम महाराज जगतगुरु आश्रम कनखल में आयोजित उज्जैन से आए श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी डॉ स्वामी सुमनानंद गिरी महाराज 'मानस भूषण' के सम्मान में आयोजित अभिनंदन एवं संत आशीर्वाद समारोह में अध्यक्षीय संबोधन कर रहे थे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ नरेश मोहन ने किया। कार्यक्रम का आयोजन महामना सेवा संस्थान द्वारा किया गया संस्थान के अध्यक्ष डॉ पदम प्रकाश द्विवेदी और महामंत्री डॉ रमेश चंद्र शर्मा ने अतिथियों का आभार जताया और महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सह संयोजक शुभम मेंदोला ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरी महाराज कनखल के मूल निवासी हैं और मोन तीर्थ उज्जैन में महामंडलेश्वर के के पट्टाभिषेक होने के बाद वे पहली बार हरिद्वार आए और उनका महामना सेवा संस्थान हरिद्वार द्वारा नागरिक अभिनंदन आयोजित किया गया। शंकराचार्य ने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरी महाराज का संस्थान द्वारा जो सम्मान किया गया है। वह उसके असली पात्र हैं और इससे संत समाज अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन रामचरितमानस के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित कर दिया है और जन सेवा के कार्यों में निस्वार्थ भाव से लगे हुए है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि संतों की उपस्थिति से तीर्थों का महत्व बढ़ जाता है और आज स्वामी डॉ सुमनानंद गिरि महाराज के महामंडलेश्वर बनने पर उनका सम्मान करने से संत और गृहस्थ समाज दोनों ही गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं ।मौन तीर्थ उज्जैन के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी डॉ सुमनानंद गिरि महाराज ने कहा कि वे अपनी जन्म भूमि और कर्म भूमि कनखल में आकर बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और उनका इस भूमि से भावनात्मक रिश्ता रहा है भारतीय धर्म ग्रंथों में वर्णाश्रम व्यवस्था का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे यहां प्राचीन काल से वर्णाश्रम व्यवस्था चली आ रही है और राष्ट्रीय एकता और अखंडता में उसका बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मचर्य आश्रम के बाद गृहस्थ एवं वानप्रस्थ और अंत में संन्यास आश्रम, सभी को लेना चाहिए किंतु आजकल केवल गृहस्थ आश्रम पर ही केंद्रित हो गया है।महामंडलेश्वर स्वामी डॉ सुमनानंद गिरि महाराज ने कहा कि आज समाज में कुछ विरले गृहस्थ ही संन्यास आश्रम अपनाते हैं यदि यह चारों वर्ण हम अपने जीवन में निभाते हुए जीवन के अंतिम सांस तक पहुंचे, तो हमारे समाज से वृद्धाश्रम की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। वैसे भी संतान धर्म में वृद्धाश्रम की कोई व्यवस्था नहीं है विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत राम रतन गिरी महाराज ने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी डॉ सुमनानंद गिरि महाराज के निरंजनी अखाड़ा से जुड़ने से अखाड़े की संतों की परंपरा और अधिक मजबूत हुई है। महामना सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ पदम प्रसाद सुवेदी ने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज का जीवन रामचरितमानस को समर्पित है उन्होंने उनकी बचपन की यादों को ताजा किया। संस्थान के महामंत्री डॉ रमेश चंद्र चौहान ने कहा कि मानस भूषण जी का जीवन हमेशा राम को समर्पित है महामना सेवा संस्थान उनका सम्मान करते हुए हर्ष और गौरव का अनुभव कर रहा है।






इस अवसर पर महामना सेवा संस्थान की ओर से महामंडलेश्वर स्वामी डॉ सुमनानंद गिरि महाराज को सम्मानित किया गया। उन्हें शंकराचार्य ने शॉल उड़ाकर सबसे पहले सम्मानित किया और उन्हें संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह पगड़ी और अंग वस्त्र तथा अभिनंदन पत्र वेट किया गया आनंद बल्लभ जोशी ने महामंडलेश्वर महाराज को अभिनंदन पत्र भेंट कर हरिद्वार की जनता की ओर से उनका आभार जताया। इस अवसर पर महंत विनोद गिरी हनुमान, बाबा जूना अखाड़े के सचिव महेश पुरी महामंडलेश्वर स्वामी डॉ हरि देव शास्त्री, संत स्वामी आदि योगी ने अपनी शुभकामनाएं महामंडलेश्वर महाराज को दी। कार्यक्रम में प्रबुद्ध संतों के साथ-साथ नगर निगम, व्यापार मंडल , मुस्कान फाउंडेशन एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया. इस अवसर पर मुस्कान फाउंडेशन की नेहा मलिक, जगदीश लाल पाहवा, राधिका नागरथ ,विशाल गर्ग आदि ने महामंडलेश्वर महाराज को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया कार्यक्रम में शिक्षाविद कुलपति डॉ हरि गोपाल शास्त्री, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, प्रदीप चौधरी ,पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री संजय पालीवाल, गंगा सभा के सभापति कृष्ण कुमार ठेकेदार ,अध्यक्ष नितिन गौतम ,मनोज कुमार वर्मा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम सुनील कुमार अग्रवाल गुड्डू, भाजपा के जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, महामंत्री आशुतोष शर्मा ,राजेंद्र त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी ,प्रेम त्रिपाठी, गजेंद्र कौशिक, ज्योतिषाचार्य प्रतीक मिश्र पुरी, महेश त्रिपाठी, अशोक त्रिपाठी, हरिद्वार व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव पाराशर, अरुण पाठक, कमला जोशी, साईं सेवा समिति के प्रकाश जोशी ,डॉ आनंद बल्लभ जोशी, राजेंद्र नाथ गोस्वामी ,अमित गुप्ता, गौरव, अनमोल ,योगेश पांडे नगर निगम हरिद्वार के कई पार्षद समाजसेवियों ने महामंडलेश्वर स्वामी डॉ सुमनानंद गिरि महाराज का स्वागत किया।




# घाटों पर तीर्थयात्री बनकर घूम रहे अंतरराज्यीय चोर गिरोह के 11 युवक गिरफ्तार, 17 मोबाइल और नगदी बरामद

देहरादून(उद संवाददाता)। चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है और ऋषिकेश में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी के साथ गंगा घाटों पर अंतरराज्यीय चोर गिरोह भी सक्रिय हो गए हैं। ऐसे ही एक गिरोह के 11 सदस्यों को पुलिस ने दबोच लिया। उनके पास से 17 मोबाइल फोन और एक लाख रुपये से अधिक नकदी बरामद हुई है। गिरोह के सभी सदस्य उत्तर प्रदेश के गोंडा के रहने वाले हैं। ये सभी तीर्थयात्री बनकर गंगा घाटों और अन्य स्थानों पर घूमते थे और मौका पाकर यात्रियों का सामान उड़ा लेते थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में गिरोह से जुड़ी जानकारी साझा की। एसएसपी ने बताया कि कोतवाली ऋषिकेश में बीते सोमवार को पंकज गुप्ता निवासी हीरालाल मार्ग, ऋषिकेश ने तहरीर दी थी। जिसमें कहा कि वह सुबह करीब साढ़े आठ बजे त्रिवेणी घाट पर गंगा स्नान कर रहे थे, उन्होंने अपने कपड़े घाट के किनारे रखे थे। गंगा में स्नान कर वे बाहर आए तो देखा कि कपड़े चोरी हो गए हैं। उनकी जेब में कुल 50 हजार रुपये, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और एक मोबाइल फोन था। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की। गंगा घाट पर हुई चोरी और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश ने सादे वस्त्रों में अलग-अलग पुलिस टीम तैनात कीं। मंगलवार को मुखबिर तंत्र ने पुलिस टीम को सूचना दी कि गंगा घाटों पर सामान चोरी करने वाले गिरोह के करीब 10-11 सदस्य त्रिवेणी घाट के आसपास घूम रहे हैं। इस पर पुलिस टीमों ने नाव घाट के पास से गिरोह के 11 सदस्यों को दबोच लिया। गिरफ्तार गिरोह के सदस्यों में राजीव कुमार, गगन कुमार, गुरदास निवासी मोतीगंज जिला गोंडा उत्तर प्रदेश, रमेश कुमार निवासी ग्राम पठानपुरा जिला गोंडा, श्रीराम, बद्री लाल, गुड्डू निवासी ग्राम मधेपुर खरहरी, गोंडा, विमल कुमार, सुरविंद निवासी ग्राम दुल्हापुर धानेपुर जिला गोंडा, सूरज कुमार निवासी ग्राम मोराडिया थाना धानेपुर जिला गोंडा, घनश्याम निवासी ग्राम बनकसिया थाना मोतीगंज जिला गोंडा शामिल है। आरोपितों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वे गोंडा जिले के रहने वाले हैं। उन्होंने आपस में मिलकर यह गिरोह बनाया है। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होने पर हरिद्वार और ऋषिकेश में यात्रियों का सामान चोरी करने आते हैं। गिरोह के सदस्य तीर्थयात्री बनकर गंगा घाट और बस स्टेशन के आसपास घूमते हैं। किसी व्यक्ति को निशाना बनाकर चोरी की योजना बनाते हैं। गंगा किनारे घाटों पर पर्यटकों को देखते रहते हैं, जैसे ही कोई पर्यटक अपना मोबाइल फोन, रुपये, घड़ी, बैग, कपड़े आदि सामान घाटों के किनारों पर रखकर स्नान के लिए जाता, वे मौका देखकर सामान को चोरी कर लेते हैं। इसके साथ ही कई बार उनमें से कुछ सदस्य पर्यटकों को बातों में उलझा लेते और दूसरे सदस्य चुपचाप चोरी कर निकल जाते हैं।

# एसएसपी ने की संजीवनी रिजार्ट को सील करने की संस्तुति

देहरादून। अय्याशी का अड्डा बने सहसपुर के होरावाला स्थित संजीवनी रिजार्ट को सील करने के लिए पुलिस ने संस्तुति कर जिलाधिकारी कार्यालय को रिपोर्ट भेज दी है। बीती 10 अप्रैल को इस रिजार्ट में रेव पार्टी पकड़ी गई थी। इस दौरान आधा किलो से ज्यादा चरस और आपत्तिजनक वस्तुओं के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि संजीवनी रिजार्ट प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, इसमें रिजार्ट को सील करने की संस्तुति कर जिलाधिकारी कार्यालय को रिपोर्ट भेजी गई है। बीती 10 अप्रैल को रात के समय एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल, एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स और स्थानीय पुलिस की टीम ने इस रिजार्ट में अवैध गतिविधियों की सूचना पर छापा मारा था। इस दौरान एक कमरे से चरस बरामद हुई थी। जबकि अन्य कमरों में 15 युवतियां थी। युवतियों ने बताया कि उन्हें संजय नाम का युवक चंडीगढ़ से डांस करने के लिए लाया था और शारीरिक संबंध बनाने को मजबूर करने का आरोप लगाया था। चरस तस्करी के आरोप में हेमंत निवासी आजादनगर हिसार हरियाणा को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। जबकि, दीपक निवासी सोरना डोबरी सहसपुर और राहुल निवासी मोहाली चंडीगढ़ को पकड़ा गया था। इस दौरान कई मौके से फरार हो गए थे। बताया की रिजार्ट के ज्यादातर सीसीटीवी कैमरे खराब मिले। पता चला कि रिजार्ट लीज पर दिया गया था। संचालक अमित गर्ग फरार हो गया था। रिजार्ट में मिले रजिस्ट्रर में सात अप्रैल के बाद किसी की एंट्री दर्ज नहीं की गई थी। इसकी जांच के बाद पुलिस ने होटल में अवैध गतिविधियों के साक्ष्य जुटाए और आरोपितों के बयान के आधार पर रिजार्ट को सील करने की संस्तुति की।

# पेज एक का शेष...

**विधि विधान से खुले...**के एक दिन पूर्व से ही बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। पहले दिन ही हजारों श्रद्धालुओं ने बद्रीनाथ में अखण्ड ज्योति एवं भगवान श्री बद्रीनाथ के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही उत्तराखंड में चारधाम यात्रा का आगाज हो गया है। कपाटोद्घाटन के अवसर पर श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल, सीडीओ डा.ललित नारायण मिश्र, एडीएम डा.अभिषेक त्रिपाठी, बीकेटीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी योगेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष किशोर पंवार, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, एसडीएम कुमकुम जोशी, ईओ सुनील पुरोहित आदि सहित मंदिर संमिति के अन्य पदाधिकारी, सदस्य, हकहकूकधारी एवं भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

**सरकार ने शराबियों से ..**महीने में वसूले टैक्स की अपेक्षा 15 करोड़ अधिक टैक्स वसूला गया है।श्री नदीम को उपलब्ध आंकड़ों से स्पष्ट है प्रदेश में शराब पर वसूले टैक्स में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। जहां 2001-02 में केवल 15.9 करोड़ टैक्स वसूला गया था जो 2006-07 में बढ़कर दुगने से अधिक 31.79 करोड़ रूपये हो गया तथा 2008-09 में तिगुने से अधिक 50.58 करोड़ तथा 2010-11 में पांच गुने से अधिक 83.98 करोड़ तथा 2014-15 में छः गुने से अधिक 100.55 करोड़ हो गया। वर्ष 2015-16 में यह 2001-02 की तुलना में 9 गुने से अधिक 2017-18 में 11 गुने से अधिक 185.72 करोड़, 2018-19 में 13 गुने से अधिक 219.76 करोड तथा 2020-21 में 16 गुने से अधिक 268.43 करोड तथा 2021-22 में 21 गुने से अधिक 345.43 करोड तथा 2022-23 में जनवरी 23 तक ही 22.7 गुणा होकर 361.05 करोड़ हो गया। श्री नदीम को उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार शराब के टैक्स राजस्व 268.43 करोड़ हो गया है। 2001-02 में शराब से टैक्स कमाई 15.90 करोड़, 2002-03 में 18.01 करोड, 2003-04 में 21.08 करोड़, 2004-05 में 21.57 करोड़, 2005-06 में 28.49 करोड़, 2006-07 में 31.79 करोड़, 2007-08 में 37.62 करोड़, 2008-09 में 50.58 करोड़, 2009-10 में 56.82 करोड़, 2010-11 में 83.98 करोड़, 2011-12 में 92.12 करोड़, 2012-13 में 108.09 करोड़, 2013-14 में 89.77 करोड़, 2014-15 में 100.55 करोड़, 2015-16 में 145.17 करोड़, 2016-17 में 146.76 करोड़, 2017-18 में 185.72 करोड़, 2018-19 में 219.76 करोड़, 2019-20 में 219.50 करोड़ तथा 2020-21 में 268.43 करोड़, 2021-22 में 345.43 करोड़ तथा 2022-23 में जनवरी 2023 तक 361.05 करोड़ हो गयी।

**चंदन राम दास की अंतिम...**भाजपा दिवंगत नेताओं की पत्नियों को महत्व देती रही है। हालाकि बहुत कुछ पार्वती दास की इच्छा पर भी निर्भर रहेगा। बहरहाल दास का उत्तराधिकारी दास के ही परिवार से आने की संभावना जताई जा रही है। दास के पुत्र गौरव दास भी पिता की विरासत संभाल सकते हैं।

**जंगल सफारी पर गये...**जिप्सी की ओर झपट गई। चालक ने जिप्सी भगा दी। बाघिन कुछ दूर तक जिप्सी के पीछे भी भागी। इस दौरान लापरवाह चालक फिर जिप्सी बैक करके बाघिन वाली जगह पर ले आया। बाघिन हमले के मूड में थी यदि जिप्सी की स्पीड हल्की होती तो वह छलांग लगाकर पर्यटकों पर हमला कर देती। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद टेड़ा वन चौकी के गेट पर जिप्सी नंबर चिन्हित किया गया। उसके चालक के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। जिप्सी को ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई की जा रही है।

**मां बेटी पर धारदार...**रेफर भेज दिया। बुधवार को परिवार के लोग दोनों घायलों को कोतवाली लेकर पहुंचे। कोतवाल विक्रम राठौर ने घायलों का हाल चाल जाना। कोतवाल ने बताया कि हमलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और एसआई हरविन्दर कुमार को गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

**नाले में मिला....**चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। मृतक की दो पुत्रियां और एक पुत्र है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक व्यक्त किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर एक शोक सभा आयोजित की गयी जिसमें पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक व्यक्त किया गया व दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर कपड़ा व्यापार संघ के सरपरस्त केवल बत्रा ने इसे अपूर्णीय क्षति बताया। इस अवसर पर जगदीश छाबड़ा मनोहर लाल मिगलानी, प्रेम ठक्कर, सुरेश मदान, राजीव गगनेजा, अनिल भल्ला, गगन दुनेजा, ईशान सेठ, अशोक चोपड़ा, बॉबी टुटेजा, राजकुमार सीकरी, मान सिंह ग्रोवर, गुरमीत सिंह चुघ, रमेश भुसरी आदि मौजूद थे।

## नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नं0 1- गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 06 भाग-2 में क्रमांक 618 पर श्री सतनाम चन्द पुत्र राझाराम का नाम अंकित है जिसको इकरारनामा बिक्री के आधार पर श्री सतीश कुमार पुत्र दीवान चन्द निवासी वार्ड नं0 06 आवास विकास ने क्रय किया है। नं० 2- गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 08 में क्रमांक 162 पर श्री मौहम्मद वसीम पुत्र रहीस अहमद का नाम अंकित है। जिसको दाननामें के आधार पर श्रीमति शबनम जहाँ पत्नी श्री रहीस अहमद वार्ड नं0 08 ने प्राप्त किया है। जिसको गृहकर अभिलेखों में अपने नाम नामान्तरण कराने के लिए अनुरोध किया गया है, जो कि गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा ।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, गदरपुर(उधमसिंह नगर)

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# किसानों को दिया आधुनिक मशीनों से बुआई का प्रशिक्षण

## मक्के की खेती से चारा उत्पादन कर किसानों की आय बढ़ाने को एफपीओ का गठन

सितारगंज (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म में चारा के क्षेत्र में राज्य का पहला एफपीओ यानि कृषक उत्पादक संगठन का गठन किया गया है। अब किसान संगठित होकर मक्के की आधुनिक तरीके से बुआई और कटाई करेंगे। मशीनों से मवेशियों के लिए हरी घास किसानों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से आये पशु पोषण वैज्ञानिक डॉ पंकज ने बताया कि राज्य में तीन एफपीओ गठित होंगे। कर आय बढ़ाई जा सकती है। एफपीओ के माध्यम से किसानों को संगठित कर बाजार भी तैयार किया जा रहा है। चारा उत्पादन कर किसान की आय में जहां तैयार करने के लिए प्लांट भी लगाया जायेगा। अधिक उत्पाद होने पर जनपद व प्रदेश स्तर की डिमांड भी पूरी की जायेगी। वैज्ञानिकों ने कहा कि भूसे के में एफपीओ का गठन कर किसानों को संगठित कर मक्का बोकर जहां किसानों की आय बढ़ेगी। इसमें आधुनिक मशीनों से बुआई, कटाई व को दिखाया गया। इस मौके पर न्यू हालेंड कंपनी, वायर कंपनी, यारा यारा के अधिकारियों के अलावा दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष तिलकराज गम्भीर, डेयरी डवलपमेंट विभाग देहरादून के डॉ आलोक गुप्ता, नरेश कुमार मुनियाल, पशु आहार





का चारा तैयार करेंगे। किसानों को मशीनों से मक्का बोने का डैमो भी प्रदशित किया गया। इस दैरान वैज्ञानिकों ने किसानों को जानकारियां दी और किसानों को प्रशिक्षण दिया। सोमवार को बसगर में फोडर प्लस किसान उत्पादन संगठन के गठन के दौरान राज्य के पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देश पर चारा के क्षेत्र में यह राज्य का पहला एफपीओ है। उन्होंने कहा कि देश में 1947 में 200 लीटर दूध से डेयरी शुरू की थी। आज भारत श्वेत क्रांति में विश्व में पहले स्थान पर है। दूध के कारोबार से किसानों की पशुपालन बढ़ोत्तरी होगी वहीं वर्ष भर पशुओं को हरा चारा मुहैय्या होगा। डॉ अरुण गुप्ता ने कहा कि दूध में लागत कम कर आय बढ़ेगी। चारे के लिए आधुनिक तकनीक से मक्का की खेती करने की जरूरत है। एफपीओ साइलेज तैयार कर चारा स्थानीय स्तर पर बिक्री करेगा। साइलेज दाम बढ़ रहे हैं। हरे चारे की कमी पहाड़ों से लेकर तराई तक हो रही है। उधम सिंह नगर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष योगेंद्र रावत ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा लगातार प्रयासरत हैं। सितारगंज क्षेत्र चारा तैयार करने में मैन पावर की भी बचत होगी। इससे जहां पर्यावरण को बचाने में मदद होगी वहीं बेमौसमी धान की फसल बोने से अधिक मुनाफा किसानों को साल में दो बार मक्का बोने से होगा। इस दौरान मशीनों से मक्का बुआई का डैमो भी किसानों निर्माणशाला रुद्रपुर के राजेंद्र चौहान, दर्शन सिंह, लालमन, बहादुर सिंह, चंदन सिंह, प्रभा रावत, दीपा तिवारी, जसविंदर कौर, जसवीर कौर, रीना, राजेंद्र सिंह चौहान, देबू मण्डल अमल मण्डल, मयंक अग्रवाल, मनोज सरकार, गोपाल सरकार मौजूद रहे।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए मक्के की खेती को बढ़ावा देने की पहल

सितारगंज। किसानों की आय बढ़ाने के लिए अब मक्के की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। शक्तिफार्म में राज्य का पहला एफपीओ यानि कृषक उत्पादक संगठन गठित किया गया है। किसान वर्ष भर में तीन फसल ले सकेंगे। इसमें एक फसल गेहूं की और दो फसल मक्के की बो सकेंगे। शक्तिफार्म समेत जनपद में पिछले कुछ वर्षों में बेमौसमी धान की फसल लगाई जा रही है। शक्तिफार्म क्षेत्र में करीब 90 प्रतिशत भूमि में बेमौसमी धान लगाया जा रहा है। जिले के दूसरे क्षेत्रों में भी बेमौसमी धान की खेती का रकवा बढ़ रहा है। गर्मियों में लगाये जाने वाले धान की फसल में पानी की काफी जरूरत होती है। इससे पानी का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। पर्यावरण के लिए गम्भीर खतरा माना जाता है। वैज्ञानिक घटते जलस्तर को आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद खतरनाक मान रहे हैं। बेमौसमी धान में किसानों की लागत भी काफी आती है। इसीलिए सरकार मक्के की खेती को बेहतर विकल्प के रूप में सामने ला रही है। आधुनिक वैज्ञानिक तराके से मशीनों का उपयोग कर मक्के की खेती में उत्पादन 150 कुंतल प्रति एकड़ के बजाय 250 कुंतल प्रति एकड़ तक पहुंचाकर किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। पशु आहार निर्माणशाला रुद्रपुर के सामान्य प्रबंधक राजेंद्र चौहान ने बताया कि मवेशियों को हरा चारा वर्ष भर दिया जाना चाहिये। लेकिन हरा चारा नहीं मिलने से सूखा चारा खिलाना पड़ता है। उनका विभाग साइलेज के रूप में वर्षभर हरा चारा देने का प्रयास करता है। लेकिन पशु पालकों तक केवल पांच हजार कुंतल साइलेज की आपूर्ति कर पाता है। जबकि डिमांड 20 हजार कुंतल से अधिक की होती है। यह डिमांड लगातार बढ़ रही है। मक्के की खेती से डिमांड पूरी होगी।

# पशुपोषण से दूध उत्पादन बढ़ाने की तैयारी

सितारगंज। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड नोयडा से आये पशु पोषण वैज्ञानिक डॉ पंकज ने कहा कि दुग्ध उत्पादकों की सबसे बड़ी परेशानी वर्ष भर हरी घास का चारा नहीं मिलना है। वर्ष भर मवेशियों को हरी घास का चारा मिलेगा तो दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा। चारा महंगा होता जा रहा है। इससे दूध की लागत बढ़ती जा रही है। इससे डेयरी व्यवसाय से किसान दूर होते जा रहे हैं। हरे मक्के से साइलेज तैयार डिमांड पूरी कर जहां किसानों की आय बढ़ेगी वहीं वर्षभर पशुपालकों को हरा चारा मिलेगा। केंद्र सरकार इसी कमी को दूर करने के लिए देशभर चारा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 100 एफपीओ गठन कर रही है। पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देश पर राज्य में पहला एफपीओ का गठन किया गया है। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ एफपीओ के सदस्यों को होगा। चारा खरीद बिक्री भी एफपीओ के माध्यम से होगी। आधुनिक मशीनें लगेंगी। गुणवत्तायुक्त मक्के का बीज दिया जायेगा।

# एलधारा क्षेत्र में किसी भी नुकसान पर अधिकारियो पर होगी कानूनी कार्रवाई : डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने संबंधित अधिकारियों के साथ जनपद के धारचूला में आपदा प्रभावित एलधारा क्षेत्र के ट्रीटमेंट कार्यों की समीक्षा की तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था सिंचाई विभाग एवं ट्रीटमेंट कार्यों का स्टीमेट तैयार करने वाली संस्था टीएचडीसी के अधिकारियों से एलधारा क्षेत्र के ट्रीटमेंट कार्य के धीमा पड़ जाने का कारण जाना। जिस पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि टीएचडीसी द्वारा एलधारा क्षेत्र में 4 बोरहोल की टेस्टिंग की जानी है। जिसके बाद डिजाइनिंग की जाएगी। जिसके कारण से कुछ दिनों से ट्रीटमेंट कार्य रुका हुआ है। वहीं टीएचडीसी के अधिकारियों ने बताया कि कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग को एलधारा क्षेत्र में जो कार्य चालू रखे जा सकते हैं उनके बारे में अवगत करा दिया गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने चालू रखे जा सकने वाले कार्यों को तत्काल ही शुरू करने के निर्देश कार्यदाई संस्था सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए। आगामी मानसून काल



शुरू होने में थोड़ा ही समय बचा है, लिहाजा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आगामी मानसून काल से पूर्व ही एलधारा क्षेत्र का ट्रीटमेंट इस प्रकार से कर दिया जाय । उन्होंने निर्देशों को गंभीरता से लेने की बात कहते हुए चेतावनी दी कि यदि मानसून काल में एलधारा क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नुकसान होता है तो कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग एवं स्टीमेट तैयार करने वाली संस्था टीएचडीसी के संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान, अधीक्षण अभियंता सिंचाई विकास श्रीवास्तव, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने आर्मी की भूमि का किया स्थलीय निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने तहसील पिथौरागढ़ के अंतर्गत स्थित ग्राम सिलौली क्षेत्र में स्थित गुरु गोरखनाथ अखंड धूना मंदिर परिसर से सटी आर्मी की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया तथा इस भूमि के संबंध में ग्रामीणों की मांग व समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि मंदिर परिसर से सटी आर्मी की भूमि में स्थित बड़ व पीपल वृक्ष क्षेत्र (जहां पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा प्रत्येक शनिवार को पूजा अर्चना की जाती है) तथा पिंडदान वाले क्षेत्र एवं पैदल मार्ग वाले क्षेत्र को गोरखनाथ मंदिर परिसर को दे दिया जाय। वहीं ग्रामीणों के आने जाने के लिए अलग से सड़क मार्ग की व्यवस्था होने तक आर्मी भूमि क्षेत्रान्तर्गत आर्मी द्वारा ग्रामीणों को गेट परमिशन दी जाय। जिस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित कर आर्मी के उच्चअधिकारियों ब्रिग्रेडियर आदि से वार्ता की जायेगी। इस अवसर पर आर्मी से कर्नल मनीष रौथान व संदीप भनोट, उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, ग्राम प्रधान सिलौली विनोद भट्ट, प्रबंधक मंदिर गुरु गोरखनाथ अखण्ड धूना नवीन



भट्ट आदि उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी रीना जोशी ने लघु जलाशय (रेजवायर) निर्माण के दृष्टिगत तहसील पिथौरागढ़ के अंतर्गत स्थित मड़ व सिलौली क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित क्षेत्र का जायजा लिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई कमलेश पांडे को 15 दिन के भीतर लघु जलाशयों के निर्माण का स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिये। इस दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई कमलेश पांडे ने बताया कि मड़ व सिलौली क्षेत्र में जल संवर्धन योजना के अंतर्गत 4 लघु जलाशयों के निर्माण का स्टीमेट तैयार किया जायेगा। इस दौरान उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम आर एस धर्म सत्तू आदि उपस्थित थे।

# शिविर में 200 मरीजों का हुआ नि:शुल्क चेकअप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शहर के प्रतिष्ठित अरोरा हॉस्पिटल एंड हार्ट केयर सेंटर में नि:शुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। इस कैंप में डा. रचित सक्सेना सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट नारायणा हॉस्पिटल गुरुग्राम एवं डॉ जितेश अरोरा सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट अरोरा हॉस्पिटल रुद्रपुर द्वारा संयुक्त रूप से अपनी सेवाएं देते हुए लगभग 200 मरीजों का ईसीजी ईको खून की विभिन्न जांचे जैसे सीबीसी, लिपिड प्रोफाइल आदि,न्यूरोपैथिक चेकअप किया गया और जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाईयां भी दी गई। इस मौके दूर दराज





क्षेत्र से आए रोगियों ने कहा कि लोगों की सेवा के लिए हमेशा में अरोरा हॉस्पिटल द्वारा कैंप लगाए जाते हैं, जिससे हम सभी क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलता है । सभी रोगियों ने समस्त हॉस्पिटल स्टाफ के कार्य और व्यवहार की सराहना की। इस मौके हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ कपिल शर्मा, नीतू कौर, विनीत गिरी, अजय वाधवा,सचिन रस्तोगी, हेमंत नेगी, हरेंद्र धीमान, विशाल बाबू, निकिता वर्मा, पवनदीप कौर आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो मोटर चोर पकड़े

गदरपुर/गूलरभोज(उद संवाददाता)। पुलिस ने गेहूं क्रय केंद्र से मोटर चोरी का 48 घंटे में खुलासा कर दिया। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। क्रय केंद्र प्रभारी मनीष भारद्वाज ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले को लेकर प्रभारी एसओ राजेश पांडे गदरपुर एसआई ओम प्रकाश और गूलरभोज चौकी प्रभारी राकेश



कठायत की अगुवाई में टीम गठित की गई। पुलिस ने गूलरभोज वार्ड सात खुलासे को निवासी विनोद कुमार राणा और नई बस्ती वार्ड एक निवासी महादेव सरकार को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में लक्ष्मण कुमार, कुंदन सिंह आदि थे।